एक नजर में

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




**इंदौर/देपालपुर.** अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर सब जेल देपालपुर में तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में एक विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने निरुद्ध बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं है, बल्कि प्रेम, विश्वास, धैर्य और अपनत्व की वह अमूल्य संस्था है जो व्यक्ति को जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी संभाले रखती है. मनुष्य से ही गलतियां होती हैं, किन्तु वही व्यक्ति महान बनता है जो अपनी गलतियों और भूलों से सीख लेकर जीवन को नई दिशा देता है. बंदियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि यह समय निराश होने का नहीं, बल्कि आत्ममंथन, आत्मसुधार और नए संकल्प के साथ भविष्य निर्माण का अवसर है. श्री खान ने कहा कि माता-पिता की दुआएँ, जीवनसाथी का विश्वास और बच्चों की प्यारी मासूम उम्मीदें व्यक्ति को पुन: सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर करती हैं. इस अवसर पर सीनियर सिविल जज रिजवाना कौसर सुमित्रा ताहेड़, दिव्या श्रीवास्तव, सहायक जेल अधीक्षक आरएस कुशवाह, प्रहरी संतोष देवलिया, विवेक शर्मा, भेरम सिंह धाकड़, मनोज कुशवाह, महिला प्रहरी एकता पटेल, निर्मला मोरी, नर्स शिवानी श्रीवास्तव, नायब नाज़िर दिलीप यादव सहित समस्त जेल स्टाफ तथा बंदीगण उपस्थित रहे.

## सद्कर्मों की सुगंध कभी नष्ट नहीं होती



**इंदौर.** भारत भूमि का पुण्य प्रताप हमारे संतों और महापुरुषों के कारण शाश्वत और सनातन बना हुआ है. महापुरुषों के सद्कर्मों एवं श्रेष्ठ विचारों की सुगंध कभी नष्ट नहीं होती. संत और विद्वान किसी एक समाज या संप्रदाय के नहीं, समूची मानवता की धरोहर होते हैं. तपोनिष्ठ संत लादूनाथ महाराज एक कर्मयोगी, त्यागी और समर्पण के प्रतीक ऐसे महापुरुष रहे, जिनके बताए मार्ग पर चलकर आज भी समाज के प्रत्येक वर्ग का कल्याण संभव है. ये विचार हैं माली मोहल्ला एमओजी लाइंस स्थित महाप्रचंड हनुमान मंदिर गुरू आश्रम पर आयोजित आश्रम के 32वें स्थापना दिवस एवं तपोनिष्ठ संत लादूनाथ महाराज के बरसी महोत्सव में आए मालवा, निमाड़ और मारवाड़ अंचल के संतों-महंतों के. गुरू आश्रम न्यास समिति ट्रस्ट की ओर से प्रमुख सेवादार योगेश सुईवाल, विजय अग्रवाल एवं सत्यनारायण जाट ने बताया कि आश्रम के महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में पिछले दो दिनों से चल रहे इस महोत्सव में नाथ संप्रदाय के राष्ट्रीय धर्माचार्य अध्यक्ष महंत राजनाथ योगी, अखंड धाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप, स्वामी राजानंद, रोहतक (हरियाणा) के मस्तनाथ मठ के योगी चिरागनाथ, दगड़ी आश्रम काटकूट के संत रामसेवक दास महात्यागी, वीर हठीले हनुमान मंदिर के महंत दीक्षित, कैलाश टेकरी के महंत केशवदास, नागौर राजस्थान से आई साध्वी सीताबाई, नरसिंह टेकरी ओंकारेश्वर, ओखलेश्वर सहित नर्मदा तट से आए एक दर्जन से अधिक तपस्वी, संत-महंतों ने तपोनिष्ठ संत लादूनाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन समर्पित किए। मारवाड़ से आए संतों के भजनों का आनंद उठाने के लिए देर रात तक 2 हजार से अधिक महिला-पुरुष जमे रहे. संचालन हरि अग्रवाल ने किया. आभार माना विजय अग्रवाल ने.

## फूड फेस्टिवल में मिलेगा दक्षिण भारत का पारंपरिक स्वाद




**इंदौर.** दक्षिण भारत का खाना लंबे समय तक सिर्फ डोसा, इडली और सांभर तक सीमित समझा जाता रहा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में लोगों की पसंद तेज़ी से बदली है. अब लोग सिर्फ एक डिश नहीं, बल्कि अलग-अलग राज्यों के पारंपरिक स्वाद, मसालों और वहां की फूड संस्कृति को समझने में भी दिलचस्पी दिखा रहे हैं. इसी को ध्यान में रखते हुए द पार्क में 15 मई से फ्लेवर्स फ्रॉम द सदर्न शोरस फूड फेस्टिवल शुरू होने जा रहा है. यह फेस्टिवल 25 मई तक चलेगा और हर शाम 7.30 बजे से आयोजित किया जाएगा. द पार्क इंदौर के एग्जीक्यूटिव शेफ संतोष यादव ने कहा, इस फूड फेस्टिवल का मेन्यू तैयार करते समय हमने कोशिश की है कि दक्षिण भारत के अलग-अलग क्षेत्रों के पारंपरिक स्वाद और वहां की असली कुकिंग स्टाइल को बरकरार रखा जाए. पहले दिन के मेन्यू में पाचा मेलागाई पालकट्टी पेराटल, अनाबे घी रोस्ट, मसाला वड़ा, पोडी इडली, गुंटूर कोडी, मीन पोरिचाथु, मटन घी रोस्ट, कुट्टी नट्टू थक्काली रसम, बेन्ने और मसाला डोसा, उत्तपम, रवा डोसा, पेसरट्टू, अप्पम-स्ट्यू, अप्पे, पुट्टू-कडला करी, और दूसरे दिन पनीर 65, उरलई वरुवल, गोली बज्जी, मिर्ची वड़ा, मुट्टे बज्जी, आंध्रा ग्रीन चिली चिकन, मटन पेपर फ्राय, आंध्रा फिश फ्राय, मिलागु परुप्पु रसम, कोझी चारू, लेमन कोकोनट राइस, कूर्ग पनीर जैसी डिशेज शामिल की गई हैं. एफ एंड बी डायरेक्टर सुदीप कांजीलाल ने कहा अब लोग सिर्फ रेगुलर मेन्यू तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि अलग-अलग राज्यों की पारंपरिक फूड कल्चर और वहां के असली स्वाद को भी करीब से अनुभव करना चाहते हैं. इस फूड फेस्टिवल के ज़रिए हमारी कोशिश उसी विविधता को एक मंच पर लाने की है.

## नेहरू स्टेडिटम में आईपीएल फैन पार्क आज से

**इंदौर.** शहर में इस बार आईपीएल मैचों का आयोजन नहीं किया गया है. लेकिन क्रिकेटप्रेमियों का उत्साह बनाए रखने के लिए बीसीसीआई द्वारा नेहरू स्टेडियम में 16-17 मई को फैन पार्क का आयोजन किया जा रहा है. यहां बड़ी स्क्रीन पर मैचों को दिखाया जाएगा. साथ ही कई खेल गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी जिससे क्रिकेटप्रेमी स्टेडियम में मैच का आनंद ले पाएंगे. एमपीसीए सचिव सुधीर असनानी ने बताया कि क्रिकेट खिलाड़ियों, पसंदीदा टीमों और बहुत कुछ के प्रति अपने प्यार को व्यक्त करने वाले सबसे बड़े प्रशंसकों के साथ आईपीएल फैन पार्क वापस आ रहा है. इसकी शुरूआत 2015 में इंदौर से ही हुई थी. यहां विशाल स्क्रीन पर दिखाए जाने वाले हर रोमांचक पल के साथ, हर स्थान से लाइव मैच प्रसारण किया जाएगा, जिससे प्रशंसकों को मैदान जैसा अनुभव मिलेगा. कोई भी प्रशंसक इस उत्सव से वंचित नहीं रहेगा क्योंकि प्रवेश पूटी तरह नि:शुल्क है. साथ ही, आईपीएल के आधिकारिक प्रायोजकों के संगीत, मर्चेंडाइन, खाने-पीने के स्टॉल, शीतल पेय और कई मनोरंजक गतिविधियाँ इस अनुभव को और भी रोमांचक बना देंगी. इन तमाम तरह की विविध गतिविधियों के साथ, वहां मौजूद प्रशंसकों को ऐसा महसूस होगा जैसे वे अपने पसंदीदा अंतर्राष्ट्री य खिलाड़ियों और टीमों का समर्थन करते हुए सीधे मुख्य स्टेडियम में ही मौजूद हैं. 16 मई को दोपहर 3.30 बजे से दर्शकों के लिए एंट्री शुरू कर दी जाएगी. इस दिन का मुख्य मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स वि. गुजरात टाइटन्स के बीच खेला जाएगा 17 मई को शाम 6.30 बजे से स्टेडियम में एंट्री शुरू होगी. इस दिन दो बड़े मुकाबले दिखाए जाएंगे जिनमें पहला मुकाबला पंजाब किंग्स वि. रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दूसरा मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स वि. राजस्थान रायल्स के बीच होगा,

## आज दोपहर 12 बजे मनाया जाएगा शनि जन्मोत्सव



**इंदौर.** विजय मारुति हनुमान मन्दिर में 16 मई को शनि जन्मोत्सव मनेगा. महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में शनिवार दोपहर 12 बजे आरती होगी. प्रवीण जोशी ने बताया कि मन्दिर परिसर को सजाया गया है. आरती के पूर्व शनिदेव का अभिषेक किया जायेगा.

# रूई के गोदाम में आग लगी लाखों का सामान जलकर राख

**इंदौर. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक रूई के गोदाम में अचानक आग लग गई. घटना थाना परिसर के पास स्थित एक कंपाउंड में हुई, जहां रूई तैयार करने का काम किया जाता था.**

आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. गोदाम में बड़ी मात्रा में रूई और कच्चा माल रखा होने के कारण आग तेजी से फैल गई, जिससे अंदर रखा सामान जलकर खाक हो गया. प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है. घटना के दौरान गोदाम में काम कर रहे कारीगर समय रहते बाहर निकल आए, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. सूचना मिलने पर आरडी कानवा



सहित थाना स्टाफ भी मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया. फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है.

# डेली कॉलेज चुनाव पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

- संविधान संशोधन और चुनाव प्रक्रिया को चुनौती देने वाली सभी याचिकाएं खारिज

नवभारत न्यूज

इंदौर। डेली कॉलेज सोसायटी के संविधान संशोधन और चुनाव प्रक्रिया को लेकर दायर सभी याचिकाओं को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने खारिज कर दिया है. कोर्ट के इस फैसले के बाद 21 मई 2026 को प्रस्तावित चुनाव कराने का रास्ता लगभग साफ हो गया है.

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संदीप एन. भट्ट की एकलपीठ में हुई. कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि जब चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी हो, बैलेट पेपर जारी हो चुके हों और चुनाव की तारीख घोषित हो चुकी हो, तब अदालत इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करेगी.

ओडीए जय सिंह झाबुआ, विक्रम खंडेलवाल और संदीप पारेख की ओर से अलग-अलग याचिकाएं दायर कर डेली कॉलेज सोसायटी के संविधान में किए गए संशोधनों, चुनाव कार्यक्रम और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स से जुड़े मुद्दों पर आपत्ति जताई गई थी. याचिकाओं में संशोधित संविधान को रद्द करने, पुराने नियमों के अनुसार चुनाव कराने और वर्तमान चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की गई थी. डेली कॉलेज सोसायटी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार आसूदानी और अधिवक्ता रक्षित आसूदानी ने कोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है, हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त हैं और बैलेट पेपर भी जारी किए जा चुके हैं. ऐसे में इस स्तर पर न्यायालय का हस्तक्षेप उचित नहीं होगा. कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं के पास मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट की धारा 40 के तहत वैकल्पिक कानूनी उपाय उपलब्ध हैं, इसलिए सीधे चुनाव प्रक्रिया रोकने की मांग स्वीकार नहीं की जा सकती.

**सोसायटी के लिए राहत**

हाईकोर्ट के इस निर्णय को डेली कॉलेज सोसायटी के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है. पिछले कई महीनों से संविधान संशोधन और चुनाव प्रक्रिया को लेकर विवाद चल रहा था, लेकिन अब अदालत के फैसले के बाद चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होने की संभावना मजबूत हो गई है.

# 1.115 किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर. शहर में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के तहत लसूड़िया पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.115 किलोग्राम गांजा जब्त किया है. जब्त गांजा की कीमत करीब 15 हजार रुपए बताई गई है.**

देर रात करीब 11.45 बजे लसूड़िया पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी. इसी दौरान न्यू लोहा मंडी, देवास नाका के पास एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता दिखा. पुलिस को देखते ही वह घबरा गया. पूछताछ में उसने अपना नाम सोनू राय उम्र 28 साल निवासी राहुल गांधी नगर बताया. तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद थैली से गांजा बरामद हुआ. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.115 किलो गांजा जब्त कर उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज किया.

**दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही पुलिस**

पूछताछ में सोनू राय ने बताया कि उसने यह गांजा अपने साथी संबित मस्ताने उम्र 32 साल निवासी स्कीम नंबर 78 के साथ मिलकर बाय ग्राम क्षेत्र से लाया था. इसके आधार पर पुलिस ने दूसरे आरोपी संबित मस्ताने को भी गिरफ्तार कर लिया. दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया है. फिलहाल पुलिस गांजा के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है.

# मोपेड की डिक्की में छुपाकर ले जा रहे थे 1.50 लाख की ब्राउन शुगर

- क्राइम ब्रांच ने 15 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 3 तस्करों को दबोचा
- आरोपियों के पास से बिना नंबर की इलेक्ट्रिक मोपेड भी जप्त

**इंदौर. शहर में नशे के खिलाफ अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर की डिक्की से 1.50 लाख रुपए कीमत की ब्राउन शुगर बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है. आरोपी बिना नंबर की इलेक्ट्रिक मोपेड में ड्रग्स छुपाकर सप्लाई करने निकले थे.**

डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि क्राईम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शिवाजी नगर मेन रोड स्थित विश्रांति चौराहे के पास मादक पदार्थ की डिलीवरी होने वाली है, सूचना पर घेराबंदी की गई. इसी दौरान एक काले रंग की ओला इलेक्ट्रिक मोपेड पर दो संदिग्ध युवक आते दिखे, जिन्हें रोककर पूछताछ की गई. आरोपियों ने अपने नाम सौरभ उर्फ ईशु ओराडे और गौरव पाटिल बताए। तलाशी के दौरान मोपेड की डिक्की के नीचे से जिप लॉक पन्नी में रखी करीब 15 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.50 लाख रुपए आंकी है.



**पुलिस रिकार्ड में आदतन अपराधी हैं तीनों आरोपी**

पूछताछ और निशानदेही पर पुलिस ने तीसरे आरोपी शाहिल उर्फ ओमप्रकाश यादव निवासी भागीरथपुरा को भी गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बिना नंबर की इलेक्ट्रिक मोपेड भी जब्त की है. पुलिस के मुताबिक पकड़े तीनों आरोपी आदतन अपराधी हैं और इनके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में एनडीपीएस, आर्म्स और आबकारी एक्ट के करीब एक दर्जन मामले पहले से दर्ज हैं. फिलहाल क्राइम ब्रांच आरोपियों से पूछताछ कर ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क की कड़ियां खंगाल रही है.




# अदालतें रिश्ते बचाने और अमन कायम रखने का माध्यम भी

- याद-ए-साकी ऑल इंडिया मुशायरा आयोजित

**इंदौर.** बज़्म-ए-साक़ी की जानिब से आयोजित याद-ए-साक़ी ऑल इंडिया मुशायरा अदब, तहज़ीब, मोहब्बत और भाईचारे की ऐसी यादगार महफ़िल साबित हुआ, जिसकी गूंज देर तक अहल-ए-ज़ौक़ के दिलों में महसूस की जाती रहेगी.

शदीद गर्मी के बावजूद उर्दू अदब और शायरी के दीवाने महफ़िलगाह पहुँचे. यह मंजर इस बात की खुली दलील था कि मरहूम याक़ूब साक़ी साहब से शहर के लोगों को किस क़दर अकीदत और मोहब्बत है. मुशायरे की इब्तिदा में ख़ादिम-ए-मिल्लत कमेटी के अध्यक्ष हाजी निसार साहब का इस्तकबाल किया गया. इसके पश्चात मुफ़्ती सैफ़ुल्लाह अर्शी, मक़सूद नश्तरी और डॉ. अज़ीज़ इरफ़ान साहब ने मरहूम याक़ूब साक़ी की अदबी, सामाजिक और क़ौमी ख़िदमात पर रोशनी डालते हुए उन्हें ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश किया. वक्ताओं ने साक़ी साहब की शख़्सियत के विभिन्न पहलुओं को बयान करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी पूरी ज़िंदगी इंसानियत, मोहब्बत और अदब की ख़िदमत में गुज़ार दी. मुशायरे के ख़ुसूसी मेहमान एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने अपने उद्बोधन और मार्मिक शायरी के माध्यम से समाज में प्रेम, एकता, इंसानियत और सामाजिक सद्भाव का पैग़ाम दिया. उन्होंने कहा कि अदालतें केवल फैसले सुनाने की जगह नहीं हैं, बल्कि रिश्तों को बचाने और समाज में अमन कायम रखने का माध्यम भी हैं. नेशनल लोक अदालत मुकदमों को समाप्त करने के साथ-साथ दिलों के बीच की दूरियाँ भी मिटाती है.

**गजलों और नज्मों से चार चांद लगाए**

कार्यक्रम में मध्यस्थ प्रशिक्षक मोहम्मद शमीम खान ने अपने उद्बोधन में मीडिएशन का महत्व बताते हुए कहा कि जब शायर मोहब्बत, अमन और इंसानियत की बात करता है तो समाज में नफ़रत की दीवारें खुद-ब-खुद गिरने लगती हैं. मुशायरे में देश के नामवर शोरा ने शिरकत कर अपनी ग़ज़लों और नज़्मों से महफ़िल को चार चाँद लगा दिए. मुशायरे की सदारत जनाब नईम अख़्तर खादिमी ने की, जबकि निज़ामत के फ़राइज़ इक़बाल यूसुफ लखनवी ने अंजाम दिए. कन्वीनर बदर-ए-मुनीर और तजदीद शाकी रहे. सोडानी जी ने शायरों का माल्यार्पण एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मान किया. हाजी रिज़वान खिलजी ने शुक्रिया अदा किया.

# फिजिकल रिलेशन से नाखुश पत्नी ने मांगा तलाक

**इंदौर.** दांपत्य जीवन से जुड़ा एक संवेदनशील मामला सामने आया, जिसमें फिजिकल रिलेशन से असंतुष्ट पत्नी ने पति से तलाक की मांग कर दी. विवाद बढ़ते-बढ़ते परिवार से निकलकर समाज की पंचायत तक पहुंच गया, जहां पंचों की सूझबूझ से मामला सुलझा लिया गया.

जानकारी के अनुसार, शादी के बाद से ही पत्नी पति के साथ फिजिकल रिलेशन को लेकर संतुष्ट नहीं थी और अलग होना चाहती थी, जबकि पति और उसका परिवार रिश्ते को बनाए रखने के पक्ष में थे. पति-पत्नी के बीच बढ़ते विवाद को देखते हुए मामला समाज की पंचायत में पहुंचा, जहां दोनों पक्षों को सुना गया. स्थिति को समझते हुए मामले में डॉक्टरों की मदद ली गई और दंपती की काउंसलिंग कराई गई. इसके बाद आपसी सहमति से विवाद खत्म हो गया और दोनों ने फिर से साथ रहने का निर्णय लिया. सिंधी पंच मध्यस्था केंद्र के संस्थापक सदस्य किशोर कोडवानी ने बताया कि दांपत्य विवादों में अक्सर शारीरिक और मानसिक असंतुलन की समस्या सामने आती है. ऐसे मामलों में जल्दबाजी में निर्णय लेने के बजाय काउंसलिंग और पारिवारिक संवाद के जरिए समाधान निकालना ज्यादा प्रभावी होता है.




# जीआरपी की मुस्तैदी से यात्रियों को वापस मिला लाखों का सामान

- दो अलग-अलग ट्रेनों में दो यात्रियों के छूटे बैग तलाश कर लौटाए

नव भारत न्यूज

**इंदौर. रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने तत्परता दिखाते हुए दो अलग अलग मामलों में यात्रियों का लाखों रुपए का कीमती सामान सुरक्षित बरामद कर लौटा दिया. समय रहते की गई कार्रवाई से जहां यात्रियों को राहत मिली, वहीं पुलिस की ईमानदारी और सतर्कता की सराहना हो रही है.**

पहली घटना में स्वप्निल जोशी निवासी इंदौर ने जीआरपी थाने में सूचना दी कि पुरी हमसफर एक्सप्रेस से यात्रा के बाद उनका काला बैग स्टेशन पर कहीं छूट गया है. बैग में डेल कंपनी का लैपटॉप, बोट के ईयरबड्स, चार्जर सहित करीब 80 हजार रुपए का सामान था. सूचना मिलते ही ड्यूटी पर मौजूद प्रधान आरक्षक लोकेश करोड़ीवाल ने स्टेशन परिसर में सघन तलाश शुरू की और कुछ ही देर में बैग बरामद कर थाना लाया. जांच के बाद पूरा सामान सुरक्षित यात्री को सौंप दिया.

इसी तरह दूसरी घटना में गोधरा (गुजरात) निवासी यात्री मोहम्मदी ने निजामुद्दीन एक्सप्रेस में सफर के दौरान अपना नीला बैग छूटने की जानकारी दी. बैग में लैपटॉप, चार्जर और महत्वपूर्ण डायरी सहित करीब 70 हजार रुपए का सामान रखा था. सूचना मिलते ही आरक्षक आकाश यादव ने प्लेटफॉर्म और यार्ड में खड़ी ट्रेन में तलाश कर बैग बरामद किया और यात्री को सौंप दिया. दोनों ही मामलों में जीआरपी की तुरंत कार्रवाई से यात्रियों का कीमती सामान सुरक्षित मिल गया. यात्रियों ने पुलिस की ईमानदारी और कार्यशैली की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया.



# साहित्यकार रजनीश दवे की दो पुस्तकों का विमोचन

**इंदौर.** रजनीश दवे ने अपनी रचनाओं में समाज में व्याप्त विसंगतियों और विद्रूपताओं पर तीखा प्रहार किया है. यह विचार वरिष्ठ साहित्यकार सदाशिव कौतुक ने ख्यात रंगकर्मी एवं साहित्यकार रजनीश दवे की दो पुस्तकों- हाइकु संग्रह 'बहती नदी' तथा मालवी गद्य संग्रह 'म्हारी-तमारी'- के विमोचन समारोह में व्यक्त किए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. योगेंद्रनाथ शुक्ल थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी जगदीशचंद्र जोशी उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार सदाशिव कौतुक ने की. अतिथियों का स्वागत सोहनलाल दवे, योगेश द्विवेदी, आशुतोष शर्मा, संजय दवे, प्रदीप जोशी, ओम दुबे एवं भावेश कानूनगो ने किया. शब्द-सुमनों के माध्यम से स्वागत भाविनी दवे ने किया. इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा हाइकु संग्रह बहती नदी एवं मालवी गद्य संग्रह म्हारी-तमारी का विधिवत विमोचन किया गया. संचालन वेदिका दवे ने किया. आभार प्रदर्शन मृदुला दवे ने व्यक्त किया. इस अवसर पर संजय कोटिया, अनिल ओझा, ओम दुबे, मृदुल कश्यप, राजेंद्र दवे, रजनीकांत जोशी, डॉ. श्रीकांत जोशी, राजेंद्र दुबे, प्रसन्न शर्मा, ओम जोशी, अनिल त्रिवेदी, सुदर्शन दुबे, प्रवीण जोशी, भारती शर्मा, साधना जोशी, योगेश पाठक सहित बड़ी संख्या में रंगकर्मी एवं साहित्यकार उपस्थित थे.

एक नजर में — आईएमए द्वारा बिजनेस ग्रोथ पर विशेष कार्यशाला का आयोजन

# व्यवसाय के विस्तार का प्रभावी प्लेटफॉर्म है लिंक्डइन

**इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा बिजनेस ग्रोथ के लिए लिंक्डइन विषय पर एक विशेष ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन आईएमए ऑफिस स्थित जाल ऑडिटोरियम, साउथ तुकोगंज में किया गया. यह कार्यक्रम विशेष रूप से उद्यमियों, व्यवसायियों, स्टार्टअप फाउंडर्स, मार्केटिंग प्रोफेशनल्स, विद्यार्थियों एवं युवा उद्यमियों के लिए आयोजित किया गया था.**

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने डिजिटल माध्यमों से व्यवसाय वृद्धि के नए अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिजनेस ग्रोथ कोच एवं सिस्टम्स एंड लीडरशिप स्ट्रेटेजिस्ट पुष्पेंद्र सिंह जादौन रहे. उन्होंने अपने अनुभव एवं सरल प्रस्तुति शैली के माध्यम से प्रतिभागियों को लिंक्डइन के महत्व एवं उसके व्यावसायिक उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आज के समय में लिंक्डइन केवल नौकरी खोजने का प्लेटफॉर्म नहीं है, बल्कि यह बिजनेस नेटवर्किंग, ब्रांड प्रमोशन, मार्केटिंग तथा लीड जनरेशन का एक मजबूत माध्यम बन चुका है. श्री जादौन ने कहा कि यदि किसी व्यवसायी या प्रोफेशनल को अपने व्यवसाय का विस्तार करना है, नए ग्राहकों तक पहुंच बनानी है तथा अपनी प्रोफेशनल पहचान मजबूत करनी है, तो लिंक्डइन एक बहुत प्रभावी प्लेटफॉर्म है. उन्होंने प्रतिभागियों को यह भी समझाया कि सही प्रोफाइल, प्रभावी कंटेंट एवं नियमित नेटवर्किंग के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है. सत्र के दौरान उन्होंने लिंकेडीन कंटेंट इंजन लीड जनरेशन सिस्टम तथा प्रोमंट पैक ए आई जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की.



**नेटवर्किंग के महत्व को बताया**

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को यह भी सिखाया गया कि लिंक्डइन प्रोफाइल को आकर्षक एवं प्रोफेशनल कैसे बनाया जाए. उन्होंने बताया कि प्रोफाइल फोटो, हेडलाइन, अनुभव एवं स्किल्स जैसी छोटी-छोटी बातें भी किसी व्यक्ति की डिजिटल पहचान को मजबूत बनाती हैं. इसके साथ ही उन्होंने नेटवर्किंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला. प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने अपने व्यवसाय एवं डिजिटल मार्केटिंग से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका श्री जादौन ने सरल एवं व्यावहारिक उत्तर देकर मार्गदर्शन किया. आईएमए पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल प्लेटफॉर्म का ज्ञान प्रत्येक व्यवसायी एवं प्रोफेशनल के लिए आवश्यक हो गया है. ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को आधुनिक तकनीकों एवं व्यवसाय विकास के नए तरीकों की जानकारी मिलती है.